राम के प्यारे सिया के दुलारे हनुमानजी भजन लिरिक्स

राम के प्यारे,
सिया के दुलारे,
अंजनी माँ के,
नैनो के तारे,
राम के प्यारें,
सिया के दुलारे।**bd।**

राम ने भरत समान बताकर,
अपने ह्रदय लगाया,
हनुमान ने राम सिया को,
अपने हृदय बिठाया,
पल पल छीन छीन,
नाम पुकारे,
राम के प्यारें,
सिया के दुलारे।**bd।**

मात सिया ने हनुमान को,
ऐसा वर दे डाला,
अजर अमर हो मेरे लाला,
जपो राम की माला,
राम सिया दोनों,
ऋणी है तुम्हारे,
राम के प्यारें,
सिया के दुलारे।**bd।**

अंजनी माँ ने हनुमान को,
राम शरण में भेजा,
हरपल राम की सेवा करना,
आशीर्वाद भी लेजा,
राम से 'पप्पू शर्मा',
हमें भी मिला रे,
Bhajan Diary,
राम के प्यारें,
सिया के दुलारे।**bd।**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राम के प्यारे,
सिया के दुलारे,
अंजनी माँ के,
नैनो के तारे,
राम के प्यारें,
सिया के दुलारे।bd।

स्वर / रचना – पप्पू जी शर्मा।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com